# महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया




बीकानेर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद किया।

**बीकानेर, (कासं)।** दलित समाज द्वारा में डॉ भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

युवा दलित नेता राहुल जादुसंगत ने बाताया की श्रद्धांजलि कार्यक्रम में डॉ विमला डुकवाल, सफाई कर्मचारी नेता शिवलाल तेजी, डॉ शांतिलाल जावा, अशोक प्रेमी, वाल्मीकि यूथ क्लब शहर अध्यक्ष साजन जावा, विनोद जावा, हरिभाई मेघवंशी, काशीराम मेघवाल, संजय बारूपाल, अखिल चांगरा, सुनिल चांवरिया आदि ने दलित समाज के लोग के लोगों ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभी ने एक स्वर में कहा कि बाबा साहब के आदर्शों को अपना कर चलना चाहिए। बाबा साहब ने हमेशा शिक्षा के प्रति अलख जगाने के लिए जो मुहिम चलाई है। उस मुहिम पर दलित समाज को चलकर दलित समाज में शिक्षा की मुहिम चलाना चाहिए।

देश में अम्बेडकर जैसे व्यक्तित्व पैदा होंगे तब स्वाधीन भारत में पराधीन समाज के मुक्ति संदेश के रूप में जाने जायेंगे। यह सच्चाई है कि जिस तरह आजादी के शहीदों को भुला दिया गया है। उसी तरह संविधान बनने के बाद डॉ. भीमराव अबेडकर को भी सबसे पहले तिरस्कृत किया गया। यह उद्बोधन अखिल भारतीय सफाई श्रमिक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश राजस्थानी ने बाबा साहेब अम्बेडकर के 66 वें परिनिर्वाण दिवस पर अध्यक्षीय भाषण में कहे। अखिल भारतीय सफाई श्रमिक कांग्रेस की शहर जिला शाखा द्वारा मगनमणि कबीर कुटीर संगम पर आयोजिय कार्यक्रम में संगठन के केन्द्रीय संगठन महासचिव पंडित हरिप्रकाश वाल्मीकि ने कहा कि जब तक इस समाज में मनुष्य और मनुष्य के भेद-विभेद और मतभेद रहेंगे तब तक अम्बेडकर हमारे लिए प्रासंगिक रहेंगे। बाबा साहब अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उनका पावन स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में श्रमिक नेता राकेश सियता, रविकांत वाल्मीकि, राजू हटवाल, करण वाल्मीकि, मनोज सारसर ,योगेश वाल्मीकि, अनिल पंडित, संतोष के. वाल्मीकि, सुनील पंडित, राजेंद्र वाल्मीकि, मुकेश सियता, अमन वाल्मीकि, छोटू चावरिया, अभिषेक वाल्मीकि, धर्मेश पवार, लोकेश पंडित निर्मल वाल्मीकि, अमर पंडित आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का सफल संचालन संगठन की शहर जिला शाखा अध्यक्ष व अभिषेक वाल्मीकि ने किया।

उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर मंडल द्वारा मंगलवार को मंडल कार्यालय के सभाकक्ष में, मंडल रेल प्रबंधक राजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता

■ **डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि**

में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 67 वां महापरिनिर्वाण दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मंडल के अधिकारीगण, मान्यता प्राप्त यूनियनों के प्रतिनिधि तथा ऑल इंडिया एससी एंड एसटी रेल एम्पलाइज एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

समारोह के आरंभ में मंडल रेल प्रबंधक राजीव श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलित कर डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि इस देश को सामंतवाद से समाजवाद की ओर लाने में तथा गरीबों के उत्थान में डॉक्टर अम्बेडकर ने अग्रणी भूमिका निभाई है।

उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. अम्बेडकर को केवल दलित समाज के उत्थान के लिए ही याद नहीं किया जाना चाहिए बल्कि उन्होंने सामाजिक अन्याय के विरुद्ध महिलाओं तथा श्रमिकों को समाज की मुख्यधारा में लाने का काम भी किया।

## जनाक्रोश यात्रा का स्वागत

**अनूपगढ़, (कासं)।** भाजपा द्वारा अनूपगढ़ विधानसभा में जन आक्रोश रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आज तीसरे दिन यह जनाक्रोश रथ यात्रा ग्राम पंचायत 12 एमएलडी से शुरू हुई।

जनाक्रोश रथ यात्रा के दौरान आमजन का जगह-जगह पर इसका स्वागत किया गया। यात्रा के संयोजक ओम लखेसर ने बताया कि आज रथ यात्रा ग्राम पंचायत 12 एमएलडी से शुरू होकर गांव 1 एसकेएम, सखी, 19 जीडी, 17 एमडी, 2 एस टी आर, 3 एस टी आई और 24 ए एस सी तक कार्यक्रम आयोजित करेगी।

भाजपा के जिला महामंत्री अविनाश डाबी ने जन आक्रोश यात्रा के दौरान सभा को संबोधित करते हुए राजस्थान सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस राज में रोजाना ऐसी घटनाएं हो रही है कि सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। सीकर की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि एक किसान अपनी बच्ची को लेकर एडमिशन करवाने के लिए जाता है और इस सरकार में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद है कि सरेआम गोलीबारी करते हैं और निर्दोष किसान अपनी जान गंवा बैठता है। बताइए क्या कसूर था उस बच्ची का जो उसके सिर से उसके पिता का साया उठ गया। आक्रोश यात्रा में जिला महामंत्री अविनाश डाबी, अनूपगढ़ विधायक संतोष बावरी, पूर्व विधायक शिमला बावरी, सह संयोजक विक्रम सिंह रामगढिया, एडवांस टीम प्रभारी साकेत जाखड़ मौजूद थे।

## सार-समाचार

### शिविर में 121 यूनिट रक्तदान



**नोखा, (निसं)।** संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 66 वें परिनिर्वाण दिवस पर मंगलवार को आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 121 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर अपनी भागीदारी निभाई। अम्बेडकर जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में नगर पालिका के टाउन हॉल में आयोजित इस शिविर में नोखा, पांचू, जसरासर सहित बीकानेर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं ने रक्तदान शिविर में अपनी भागीदारी निभाई। आयोजन समिति के गणेश तालनिया ने बताया कि शिविर का शुभारंभ पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर, जुगल हटीला, मगनाराम केडली द्वारा बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण करके किया गया। शिविर में शुरू से लेकर अंत तक युवाओं के साथ ही महिलाओं का भी रक्तदान को लेकर उत्साह बना रहा। शिविर में दो जोड़ों जुगल हटीला-प्रियंका व बजरंग जाम-उर्मिला ने भी सपत्नीक रक्तदान किया। इस दौरान अम्बेडकर पीठ के महानिदेशक व लोकसभा प्रत्याशी मदनगोपाल मेघवाल, नोखा विधायक बिहारीलाल बिश्नोई व सीबीईओ माया बजाड़, पालिका उपाध्यक्ष निर्मल भूरा ने भी शिविर में पहुंचकर शिविर का अवलोकन किया और रक्तदाताओं की हौंसला अफजाई कर उपस्थित कई युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। वहीं रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को आयोजन समिति की ओर से प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में सेवाएं देने पीबीएम अस्पताल बीकानेर से डॉ कालूराम परिहार के नेतृत्व में पहुंची टीम को आयोजन समिति की ओर से प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। जुगल हटीला, मगनाराम केडली, चेतनराम लेखाला, गणेश तालनिया ने शिविर सफल होने पर सभी का आभार व्यक्त किया।

### किशोरी कौशल विकास शिविर

**अनूपगढ़, (कासं)।** समाजसेवी संस्था सेवा भारती के द्वारा धानका बस्ती में संचालित किशोरी स्वावलम्बन केन्द्र पर किशोरी कौशल विकास शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में धानका बस्ती की 35 बालिकाओं ने भाग लिया। बस्ती में आयोजित शिविर में बालिकाओं के कौशल के विकास के लिए अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। सेवा भारती की महिला मंडल की सह विभाग संयोजक का सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका भगवती पारीक ने बताया कि पिछड़ी बस्तियों की किशोरियों के कौशल विकास के लिए सेवा भारती के द्वारा इस तरह के शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं। इस शिविर में किशोरियों को सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता योग, भजन, खेलकूद प्रतियोगिता, व्यायाम सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने बताया कि किशोरियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया है। इस शिविर में किशोरियों को सैनेटरी पैड वितरण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। सेवा भारती की महिला मंडल की संयोजिका जय विजय चौधरी के नेतृत्व में भजन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। भजन प्रतियोगिता के दौरान जय विजय चौधरी ने बालिकाओं को भारतीय संस्कृति के बारे में विस्तार से बताया।

### मनीष ने स्वर्ण व रजत पदक जीता



**बीकानेर, (कासं)।** 66 वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जय नारायण व्यास कॉलोनी स्थित आरएसवी हायर सैकण्डरी स्कूल की कक्षा 11 के विद्यार्थी मनीष जांगू ने अंडर-17 आयु वर्ग में 400 मीटर रेस में स्वर्ण पदक तथा 200 मीटर रेस में सिल्वर पदक प्राप्त कर विद्यालय के नाम को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के खेल प्रभारी विनय कुमार विश्नोई ने बताया कि विद्यार्थी का चयन जिले की टीम में भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए कर लिया गया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्य निधि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थी को बधाई दी तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### बुजुर्गों की पेंशन का घर बैठे सत्यापन

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा गुड गवर्नेंस को प्राथमिकता देते हुए हर पात्र व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। इसी कड़ी में ई-मित्र तक नहीं आ सकने वाले लाभार्थियों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का भौतिक सत्यापन सादुलशहर एसडीएम योगेश देवल द्वारा घर-घर जाकर करवाया गया। राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने वाले राजीव गांधी युवा मित्र कुलदीप गोयल की इसमें विशेष भूमिका रही। एसडीएम देवल ने बताया कि युवा मित्र गोयल ने फील्ड विजिट के दौरान इन लोगों को चिन्हित किया।

# ग्रामीण पर्यटन से संस्कृति और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा



हनुमानगढ़ कलेक्टर रक्मणि रियार सियाग ने पर्यटन विकास समिति की बैठक को संबोधित किया।

**हनुमानगढ़,(कासं)।** राज्य सरकार ने राजस्थान ग्रामीण पर्यटन योजना लागू कर दी है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में गेस्ट हाउस, कृषि पर्यटन इकाई, कैंपिंग साइट, कैरावेन पार्क इत्यादि की स्थापना से रोजगार सृजित होंगे। देश-विदेश के पर्यटक राजस्थान की ग्रामीण संस्कृति से रूबरू हो सकेंगे।

योजना अंतर्गत राज्य सरकार की ओर से गांवों के जीवन, कला संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित करने वाली पर्यटन इकाईयों को बढ़ावा दिया जायेगा। योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन इकाईयां स्थापित होने से स्थानीय लोक कला को प्रोत्साहन और हस्तशिल्प का संरक्षण होगा। इससे ग्रामीण इलाकों में स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सकेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पिछले राज्य बजट में राजस्थान ग्रामीण पर्यटन योजना की घोषणा की थी।

कलेक्टर रूक्मणि रियार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक में यह जानकारी बीकानेर से आये पर्यटन विभाग के उपनिदेशक अनिल राठौड़ ने दी। इससे पहले राठौड़ ने जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर पर्यटन विभाग की ओर से 2 करोड़ 83 लाख की लागत से जिले के 9 प्रमुख पर्यटन स्थलों के विकास को लेकर किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी जिला कलेक्टर को दी। कलेक्टर ने एसीईओ को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत के माध्यम से होने वाले कार्यों की गुणवत्ता चैक कर लें और मार्च से पूर्व सभी कार्य पूर्ण करवाएं। उपनिदेशक अनिल राठौड़ ने बताया कि राजस्थान ग्रामीण पर्यटन योजना अंतर्गत स्टाम्प ड्यूटी में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। शुरुआत में 25 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी देय होगी। पर्यटन इकाई शुरू होने का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर पुनर्भरण किया जाएगा।

## रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** राजस्थान सरकार, पंचायती राज विभाग एवं यूनिसेफ के सहयोग से राजस्थान के समस्त 33 जिलों में बाल हितैषी पंचायत संकल्प अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी संदर्भ में मंगलवार को जिला परिषद परिसर श्रीगंगानगर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद जुनैद द्वारा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अभियान के समन्वयक कैलाश चंद्र सैनी ने बताया कि बाल हितैषी पंचायत अभियान के तहत बच्चों का जुड़ाव ग्राम क्षेत्र से करने और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से उन्हें अवगत करवाया जायेगा। इसके अलावा योजनाओं का क्रियान्वयन ग्राम पंचायतों के माध्यम से बच्चों की आवश्यकता के आधार पर हो और सभी समुदायों में अधिक से अधिक बच्चों के मुद्दों पर समझ विकसित हो, इसके लिये अभियान गतिशील रहेगा। इस अवसर पर जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी वैभव अरोड़ा, सहायक परियोजना अधिकारी विक्रम सिंह जोरा, लेखाधिकारी प्रेम गोयल मौजूद थे।

## लम्बित कृषि कनेक्शनों को लेकर प्रदर्शन

**सूरतगढ़, (कासं)।** उपखंड में लम्बित चल रहे कृषि विद्युत कनेक्शनों को लेकर सैकड़ों किसानों का आक्रोश फूट पड़ा और बड़ोपल रोड स्थित डिस्कॉम कार्यालय में धरना और प्रदर्शन किया।

किसान नेता राकेश बिश्नोई और हरि बेनीवाल के नेतृत्व में डिस्कॉम कार्यालय पर हल्ला बोलते हुए सालों से लंबित चले आ रहे कृषि कनेक्शनों पर आक्रोश जताकर नारेबाजी की गई। इस दौरान सूचना मिलने पर सिटी थाना अधिकारी रामकुमार लेघा भी जाप्ते समेत डिस्कॉम कार्यालय पहुंचे और आक्रोशित किसानों से समझाइश की। थानाधिकारी ने डिस्कॉम अधिकारियों से बातचीत कर किसानों की वार्ता करवाई।

विभाग के सहायक अभियंता का कार्यभार संभाल रहे जेईएन संजय स्वामी ने किसानों को ट्रांसफार्मर की कमी से अवगत करवाया। किसान नेता राकेश बिश्नोई ने कहा कि सुपर कैटेगरी स्कीम में एक तरफ विभाग डिमांड राशि भरवाकर हाथों-हाथ कृषि कनेक्शन दे रहा है, तो वहीं सामान्य श्रेणी के कनेक्शनों के लिए वर्ष 2017

■ **सूरतगढ़ में बड़ोपल रोड स्थित डिस्कॉम कार्यालय पर किसानों का धरना-प्रदर्शन**

से लेकर अब तक किसान विभाग के चक्कर लगा रहा हैं। जबकि उनसे डिमांड राशि भरवाए हुए भी वर्षों बीत चुके हैं। उपस्थित किसान नेताओं को जेईएन ने कहा कि वर्तमान में 494 कनेक्शन पेंडिंग चल रहे हैं। जबकि 290 कनेक्शन कर दिए गए हैं। वहीं अन्य के इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार होते ही कनेक्शन भी जल्द करवाये जाने के प्रयास रहेंगे ।

किसानों नेताओं द्वारा समय सीमा के सवाल पर अधिकारियों ने अगले 20 से 25 दिनों में ट्रांसफार्मर की उपलब्धता होने पर जल्द कनेक्शन जारी कर दिए जाने की बात कही। किसान नेता राकेश बिश्नोई ने कहा कि उनके संज्ञान में ठेकेदार द्वारा ट्रांसपोर्टेशन के नाम पर अवैध वसूली का भी मामला आया है।

## कोहरे से वाहनों की रफ्तार पर लगा ब्रेक

**सूरतगढ़, (कासं)।** मंगलवार की सुबह लोगों की आंख खुलते ही उन्हें इस सीजन का पहला कोहरा दिखाई दिया। अलसुबह छाई धुंध ने वातावरण में भी आम दिनों की अपेक्षा ठंडक का ज्यादा अहसास करवाया।

अब तक गुलाबी ठंडक में आधी बाजू की स्वेटर से काम चला रहे लोगों को अब ठंड से पूरा बचाव करना पड़ेगा। धुंध के चलते जनजीवन पर भी इसका असर देखा गया। स्कूली बच्चों ने खुले आसमान के नीचे सड़क पर खड़े होकर अपनी वैन का इंतजार किया तो कुछ पैदल ही ठिठुरते हुए स्कूल पहुंचे। सबसे ज्यादा परेशानी का सामना हाईवे पर वाहन चालकों को करना पड़ा। जो घने कोहरे के चलते हैडलाइट जलाकर अपने वाहनों को धीमी गति से चलाते नजर आये। तेज धुंध के चलते सुबह सवेरे यात्रा करने वाले यात्रियों ने ट्रेन के जरिए आवागमन को ही प्राथमिकता दी। मगर ट्रेनों के भी देरी से आने और जाने की जानकारी सामने आई।

इसके अलावा पार्कों तथा अन्य स्थानों पर पैदल भ्रमण करने वाले लोग भी इक्का-दुक्का ही दिखाई दिए। पहली बार सीजन की इस धुंध में लोगों ने अलाव का सहारा लिया। किसानों के अनुसार फसलों के लिए यह धुंध लाभदायक है।

## सूरसागर स्कूल में पौधारोपण

**बीकानेर, (कासं)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरसागर में हल्दीराम एजुकेशन ट्रस्ट के चेयरमैन मनोहर लाल अग्रवाल द्वारा पौधरोपण किया गया।

इस कार्यक्रम में रमेश अग्रवाल, सुभाष चन्द्र यादव, सूरसागर स्कूल के प्रिंसिपल दिलीप कुमार हर्ष द्वारा भी विद्यालय को हरा भरा रखने के लिए पौधरोपण किया गया। मनोहर लाल अग्रवाल ने निर्मित भवन का निरीक्षण किया और सुधार के लिए आवश्यक निर्देश निर्माण कंपनी को दिये। प्रधानाचार्य से स्कूल की शैक्षिक प्रगति की जानकारी ली और नये नवाचार करने के निर्देश दिए। खेल कोच अर्चना शुक्ला को धन्यवाद दिया।

## अनूपगढ़ पालिका एआरआई के खिलाफ पार्षद लामबंद

**अनूपगढ़, (कासं)।** नगर पालिका की एआरआई बबीता शर्मा को पार्षद सस्पेंड करवाने की मांग पर अड़े हुए हैं। पार्षदों के द्वारा एआरआई को सस्पेंड करवाने की मांग को लेकर सोमवार को नगर पालिका के सामने धरना बैठे गए। धरना पार्षदों ने जारी रखा।

वार्ड नंबर 10 के पार्षद राजू ने बताया कि एआरआई बबीता शर्मा के द्वारा उनके साथ बदसलूकी की गई है और थप्पड़ मारने का प्रयास कर जातिसूचक गालियां निकाली गई है। जिसका मामला अनूपगढ़ पुलिस थाने में भी दर्ज करवाया गया है।

■ **सस्पेंड करने की मांग को लेकर रातभर सर्दी में धरने पर बैठे रहे**

पालिका अधिकारी के द्वारा एक जनप्रतिनिधि के साथ बदसलूकी किए जाने पर एआरआई बबीता शर्मा को सस्पेंड करवाने की मांग को लेकर अनूपगढ़ के पार्षद गण लामबंद हुए हैं। पार्षदों ने बताया कि इस मांग को लेकर पूर्व में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था। जब तक प्रशासन उनकी मांग नहीं मान लेता तब तक पार्षदों का यह आंदोलन दिन रात जारी रहेगा।

गौरतलब है कि पार्षदों की इस मांग को नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका बैलान ने भी अपना समर्थन दिया है। वहीं दूसरी ओर नगर पालिका की एआरआई बबीता शर्मा के द्वारा भी पार्षद के खिलाफ राजकार्य में बाधा सहित अन्य आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया गया था। पुलिस उपाधीक्षक जयदेव सियाग ने बताया कि दोनों पक्षों के द्वारा परस्पर मामले दर्ज करवाए गए हैं। मामले की जांच की जा रही है।

# किशोरी मेला बालिकाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच : कलेक्टर



झझू के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में आयोजित किशोरी मेला का कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने अवलोकन कर रजिस्टर में अपनी प्रतिक्रिया लिखी।

**बीकानेर, (कासं)।** जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने झझू के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मंगलवार को किशोरी मेले का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने मेले में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शित गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, खेलकूद, पर्यावरण, हिन्दी, अंग्रेजी विषयों पर बनाये गए मॉडल का अवलोकन किया और विद्यार्थियों से इन मॉडल की विषय-वस्तु के बारे में पूछा, जिसकी बच्चों ने सटीक जानकारी दी। जिला कलेक्टर ने मॉडल बनाने वाली बालिकाओं की प्रभावी प्रस्तुति के लिए उनकी सराहना की।

जिला कलेक्टर ने किशोरी मेले के अवलोकन के बाद कहा कि किशोरियों को अपनी प्रतिभा को दिखाने का अच्छा अवसर उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षिक आयोजनों से बालिकाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच मिलता है और इससे उनका आत्म विश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि यह मेला आपके भीतर परिकल्पनाओं को बाहर लेकर आयेगा और जीवन में आगे बढ़ने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने मेले के अच्छे आयोजन के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय स्टॉफ की सराहना की। जिला कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा का विशेष महत्व है और शिक्षा ही जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही अपना व अपनों का विकास संभव हैं।

इस अवसर पर कोलायत सीबीईओ मूल सिंह भाटी ने कहा कि विद्यालय में इस तरह के किशोरी मेले से छात्र-छात्राओं का मानसिक विकास व मनोरंजन के साथ ज्ञान भी बढ़ता है।

■ **कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में किशोरी मेले का शुभारंभ**

मेले में कोलायत ब्लॉक 20 विद्यालयों के करीबन 400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुतिया छात्राओं ने दी। बालिकाओं द्वारा देश भक्ति गीतों व लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां दी। समसा के एपीसी कृष्ण मोहन शर्मा व समसा के प्रोजेक्ट ऑफिसर नरेन्द्र अग्रवाल ने किशोरी मेले के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। शाला की प्रधानाध्यापक गोमती देवी और वार्डन ज्योत्साना भार्गव ने अतिथियों का स्वागत किया।

# सीएमएचओ ने गजनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया



गजनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सीएमएचओ डॉ अबरार पंवार ने मरीजों से फीडबैक लिया।

**बीकानेर, (कासं)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मोहम्मद अबरार पंवार ने मंगलवार को गजनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया और चिकित्सालय की स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार निर्देश दिए।

डॉ. पंवार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से प्रत्येक परिवार को जोड़ने के लिए की गई कार्यवाही का निरीक्षण गया। पुकार अभियान से मिल रहे फायदों के मद्देनजर इसकी गुणवत्ता बनाये रखने पर जोर दिया। उन्होंने सीएचसी में दवाओं की उपलब्धता व एक्सपायरी एवं नियर एक्सपायरी दवाईयों को अलग से रखने के निर्देश दिए। सीएचसी निरीक्षण के दौरान वार्ड में भर्ती चिरंजीवी योजना में जुड़े हुए मरीजों से भी स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं की जानकारी ली। संस्थान प्रभारी डॉ शुभम चारण को मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में गैर पंजीकृत परिवारों को योजना से जोड़ने हेतु सभी कार्मिकों को माइक्रो प्लान बनाकर इस कार्य में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निःशुल्क दवा योजना, निशुल्क जांच योजना सहित अन्य कार्यक्रमों के साथ चिकित्सालय में साफ-सफाई में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान दवा और जांच की स्थिति की जानकारी ली गई। साथ ही विभागीय गतिविधियों, महिला एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित आरसीएच रजिस्टर, ओपीडी रजिस्टर, ममता कार्ड तथा संस्थागत प्रसव का रिकॉर्ड चैक किया गया। प्रभारी चिकित्सक डॉ.शुभम चारण ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 350 ओपीडी और माह में 35 संस्थागत प्रसव है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सात एक्स-रे और 85 प्रतिशत भर्ती रोगियों को चिरंजीवी योजना से लाभान्वित किया जा रहा है।